## संपादकीय

# गोली की भाषा

यह विडंबना ही है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोट जुटाने की कवायद में जिस भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, वह पूरे देश के मिजाज को प्रभावित करती नजर आ रही है। एक केंद्रीय मंत्री के गोली मारोज के कथित नारे के बाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया और शाहीन बाग आंदोलन स्थल पर हुई फायरिंग को जोड़कर देखा जा रहा है। फायरिंग करने वाले न तो अपराधी थे और न इस तरह का उनका कोई रिकॉर्ड ही था। यह एक भावावेश में उठाया गया कदम ही कहा जायेगा। हमारे सत्ताधीशों को इस बात का अहसास होना चाहिए कि सार्वजनिक मंच से कही गई उनकी बात के गहरे निहितार्थ?होते हैं। भले ही राजनेता राजनीतिक स्वार्थों के लिये ऐसे भड़काने वाले बयान देते हैं, लेकिन उनके समर्थकों का धैर्य ऐसे बयानों से चूकता है। उसकी परिणति दिल्ली की गोलीबारी की दो घटनाओं के रूप में देख सकते हैं। इस मामले में चुनाव आयोग की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उसकी तरफ से ऐसा कोई सख्त फैसला सामने नहीं आया जो सारे देश में भड़काऊ बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ नजीर बन सके। यहां सवाल पुलिस की भूमिका को लेकर भी उठ रहा है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों के जुलूस तथा शाहीन बाग धरना स्थल के पास भारी संख्या में पुलिस बल होने के बावजूद अभियुक्त ें ने फायरिंग कैसे की। नि:संदेह पुलिस ऐसे मामलों में राजनीतिक दबाव महसूस करती है। मगर कानून व्यवस्था बनाये रखना भी तो पुलिस का ही दायित्व है। शाहीन बाग वाली घटना के बारे में कहा जा रहा है कि गोली चलाने वाला युवक दूध का काम करता है और लंबे समय से चले आ रहे धरने से उसका कारोबार ठप हो रहा था। नि:संदेह लंबे समय से चल रहे आंदोलन से स्थानीय लोगों, कारोबारियों और राहगीरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।?इस बारे में आंदोलनकारियों और सरकार को सोचना चाहिए। राजनेताओं को भी सोचना चाहिए कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जिस कंटीली राह पर वे चल रहे हैं, उसके परिणाम पूरे देश को भुगतने पड़ सकते हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक को ही लें तो सत्ता पक्ष जहां बहुसंख्यक समाज को संतुष्ट करने की कोशिश में है, वहीं विपक्ष अल्पसंख्यकों को डराने में लगा है। इसके बारे में तमाम भ्रामक प्रचार करके लोगों को मरने-मारने के लिये उकसाया जा रहा है। नि:संदेह एक स्वस्थ समाज व लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिंसक प्रतिरोध की कोई गुंजाइश नहीं हो सकती। लेकिन उत्तर प्रदेश समेत देश?के कई राज्यों में जिस तरह के हिंसक प्रदर्शन व आगजनी की घटनाएं हुई हैं, उन्हें दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। कहीं न कहीं सरकार भी नागरिकता संशोधन कानून को बिना विमर्श के जल्दबाजी में ले आई।

# भारतीय स्टेट बैंक ने एमसीएलआर में की 0.05 प्रतिशत की कटौती




**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सभी परिपच्ता अवधि के ॠण पर सीमांत कोष की लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत की कटौती करने की शुक्रवार को घोषणा की।

बैंक ने कहा कि नयी दरें 10 फरवरी से प्रभावी होंगी। बैंक द्वारा चालू वित्त वर्ष में एमसीएलआर में यह लगातार नौवीं कटौती है। बैंक ने एक बयान में कहा कि इस कटौती के बाद एक साल की परिपच्ता अवधि वाले ॠण का एमसीएलआर कम होकर 7.85 प्रतिशत पर आ गया है।

बैंक ने एमसीएलआर में यह कटौती रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजों की घोषणा के एक दिन बाद की है।

रिजर्व बैंक ने बैठक के बाद गुरुवार को रेपो दर को 5.15 प्रतिशत पर यथवत बनाये रखा। हालांकि केंद्रीय बैंक ने एक लाख करोड़ रुपये तक की राशि के लिये दीर्घकालिक रेपो की घोषणा की। इससे वाणिज्यिक बैंकों के लिये कर्ज जुटाना सस्ता हो गया। एसबीआई ने कहा कि उसने बैंकिंग प्रणाली में तरलता की अधिकता को देखते हुए दो करोड़ रुपये से कम के खुदरा जमा तथा दो करोड़ रुपये से अधिक के थोक जमा की ब्याज दरों में भी संशोधन किया है।

# महिला क्रिकेट : इंग्लैंड ने भारत को चार विकेट से हराया



**मेलबर्न।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने आस्ट्रेलिया में जारी त्रिकोणीय टी2- सीरीज में शुक्रवार को भारत को चार विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करते हुए आन्या श्रुबसोल (31-3) के नेतृत्व में अपनी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम को 20 ओवरों में छह विकेट पर 123 रनों पर सीमित किया और फिर 18.5 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड की ओर से नताली शीवर ने 38 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। फ्रान विल्सन 20 रन पर नाबाद रहीं। भारत की ओर से राजेश्वरी गायकवाड ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए।

इससे पहले, भारतीय टीम 123 रन ही बना सकी। उसकी ओर से स्मृति मंधाना ने 45 रनों की पारी खेली जबकि जेमिमा रोड्रिग्वेज ने 23 और कप्तान हर्मनप्रीत कौर ने 14 रन बनाए।


# इंडिया सीमेंट्स को तीसरी तिमाही में 8.79 करोड़ रुपये का घाटा




**नयी दिल्ली (आरएनएस)। इंडिया सीमेंट्स लि. को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.79 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है।**

इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 4.32 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 7.90 प्रतिशत घटकर 1,244.28 करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,351.15 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान इंडिया सीमेंट्स का कुल खर्च 7.24 प्रतिशत घटकर 1,265.13 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,363.99 करोड़ रुपये रहा था।

# बढ़त के साथ खुलने के बाद फिसला सेंसेक्स, निफ्टी भी गिरा



**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार चार दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को कारोबारी सुस्ती देखी गई। हालांकि सेंसेक्स और निफ्टी की शुरुआत तेजी के साथ हुई लेकिन कमजोर विदेशी संकेतों से गिरावट आ गई। सेंसेक्स सुबह 9.28 बजे पिछले सत्र से 46.32 अंकों यानी 0.11 फीसदी की कमजोरी के साथ 41,259.71 पर कारोबार कर रहा था और निफ्टी भी पिछले सत्र से 20.50 अंकों यानी 0.17 फीसदी नीचे 12,117.45 पर बना हुआ था।

घरेलू शेयर बाजार में चार दिनों की तेजी के बाद का गिरावट आई है, जोकि खासतौर से एशियाई बाजार से मिल रहे कमजोर संकेतों की वजह से है।

बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक यानी सेंसेक्स इससे पहले 88.38 अंकों की तेजी के साथ 41,394 पर खुला लेकिन बाद में बिकवाली के दबाव में बाजार में गिरावट आ गई और सेंसेक्स फिसल कर 41,223.58 पर आ गया। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी भी पिछले सत्र से बढ़त के साथ 12,151.15 पर खुला और 12,154.70 तक उछला लेकिन बाद में फिसलकर 12,112.30 पर आ गया।

## शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे लुढ़का

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों की नरम शुरुआत तथा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपये में नौ पैसे की गिरावट रही और यह 71.27 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों के कारोबार की नरम शुरुआत करने, कच्चा तेल की कीमतों में तेजी आने और एफपीआई की निकासी ने रुपये पर दबाव डाला। हालांकि डॉलर की नरमी से रुपये को कुछ समर्थन मिला। गुरुवार को रुपया 71.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच ब्रेंट क्रूड का वायदा 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 55.10 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।

# ऑकलैंड वनडे : भारत के पास जीत ही विकल्प





**ऑकलैंड।** विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद भी भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे में हार मिली थी। अब दोनों टीमें शनिवार को ईडन पार्क मैदान पर दूसरे वनडे में आमने-सामने होंगी।

भारत के पास सीरीज बचाने के लिए जीत ही विकल्प है जबकि कीवी टीम किसी भी कीमत पर नहीं चाहती होगी कि आखिरी मैच निर्णायक बने। सेडन पार्क में भारत ने 347 रनों का स्कोर खड़ा किया था और न्यूजीलैंड इसे हासिल भी कर लिया था। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने 1-0 की बढ़त ले ली थी।

पहले वनडे में भारत की गेंदबाजी कमजोर रही थी जो विशाल स्कोर का बचाव नहीं कर पाई थी। कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने जमकर रन लुटाए थे तो वहीं अनुभवी रॉस टेलर के सामने मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह भी कुछ नहीं कर पाए थे। टेलर ने नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाई थी। उन्हें इसमें हेनरी निकोलस, कार्यवाहक कप्तान टॉम लाथम का भी अच्छा साथ मिला था। यह लाथम और टेलर की जोड़ी ही थी जिसने मध्य के ओवरों में बेहतरीन बल्लेबाजी कर भारत की गिरफ्त से मैच छीन लिया था। इन दोनों बल्लेबाजों ने मार्टिन गुप्टिल और निकोलस द्वारा दी गई बेहतरीन शुरुआत पर पारी बुनी थी। भारतीय गेंदबाजों के लिए यह चारों एक बार फिर सिरदर्द बन सकते हैं। भारतीय कप्तान विराट कोहली और टीम प्रबंधन निश्चित तौर पर पहले मैच से सीख नई रणनीति के साथ उतरेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंग्लैंड लायंस से जुड़ेंगे गिलेस्पी



**लंदन।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज और काउंटी क्लब ससेक्स के मौजूदा मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी आस्ट्रेलिया दौरे पर गई इंग्लैंड लायंस टीम के साथ कुछ समय के लिए जुड़ेंगे। इंग्लैंड लॉयंस टीम का आस्ट्रेलिया दौरा आठ फरवरी से शुरू हो रहा है और गिलेस्पी को 12 दिनों तक इस टीम के साथ बितकाने के लिए कहा गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में 400 से अधिक विकेट लेने वाले गिलेस्पी और जेसन केर इस दौरे में लायंस टीम के मुख्य कोच रिचर्ड डॉसन के साथ काम करेंगे और टीम को तीन मैचों की सीरीज के लिए तैयार करेंगे। लॉयंस टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन चार दिवसीय मैच खेलने हैं। इसकी शुरुआत होबार्ट में क्रिकेट आस्ट्रेलिया एकादश के साथ होने वाले मैच के साथ हो रही है।

## आज का राशिफल

मेषः आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाये रखें।

वृषभः यदि आप व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

मिथुनः आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी- व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे।

कर्कः आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें।

सिंहः आज शत्रुजनित षड़यंत्र, लोकपवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक परेशानियों से मन क्षुब्ध रहेगा।

कन्याः आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

तुलाः आज आपके पद-अधिकार की महत्वाकांक्षा अंतर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारी वर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी।


धनुः किसी विशेष घटना म के अंतर्गत रुका धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जायेगा। इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं अध्यात्म में बढ़ेगा।

मकरः आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है।

कुंभः आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी।

मीनः आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति दशम भाव में धनुः राशि का होकर तथा चंद्रमा बुध की ही राशि मिथुन पर विराजमान है।

# वेबसीरीज में काम करेंगी सोनाक्षी सिन्हा



बॉलीवुड की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा वेबसीरीज में काम करने जा रही है। सोनाक्षी सिन्हा डिजिटल वर्ल्ड में कदम रखने का फैसला किया है। वह अमेजन प्राइम की एक क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में नजर आएंगी। रीमा कागती की इस वेब सीरीज में गुलशन देवइया, सोहुम शाह और विजय शर्मा काम करते नजर आएंगे। इस सीरीज का प्रोडक्शन एक्सेल मूवीज और टाइगर बेबी फिल्म्स एक साथ मिलकर करेंगे।

सोनाक्षी ने इस सीरीज की पूरी टीम के साथ एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। उन्होंने लिखा, नई शुरुआत, अमेजन के साथ हमारी नई सीरीज शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हूं। इस एक्सट्रीमली टैलेंटेड टीम के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हूं।

सोनाक्षी इस साल फिल्म भुज में नजर आएंगी। भुज द प्राइड ऑफ इंडिया का निर्देशन अभिषेक दुधइया कर रहे हैं और इसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका अदा करते नजर आएंगे। फिल्म में संजय दत्त, शरद केलकर, एमी विर्क, प्रनिता सुभाष और नोरा फतेही साथ में काम करते नजर आएंगे। यह वॉर एक्शन फिल्म होगी जिसकी कहानी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के बैकड्रॉप में लिखी गई है। फिल्म की कहानी इंडियन एयरफोर्स के लीडर विजय कर्णिक के इर्द गिर्द घूमती है। विजय कर्णिक ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 300 महिलाओं के मदद से भारतीय वायु सेना के हवाई अड्डे को रीबिल्ट किया था।

# मुन्नाभाई 3 पर काम शुरू रहे हैं विदु विनोद चोपड़ा...



मुन्ना भाई एमबीबीएस और लगे रहो मुन्ना भाई के लंबे गैप के बाद अब मेकर्स ने इस फ्रैंचाइजी का तीसरी फिल्म की घोषणा भी जल्द ही करने की तैयारी में हैं। हालांकि, तकरीबन 14 सालों के लंबे इंतज़ार के बाद अब तक मेकर्स हमारी इस फेवरिट जोड़ी को एकसाथ स्क्रीन पर नहीं उतार सके थे, लेकिन फैन्स का यह इंतज़ार अब खत्म होता हुआ सा दिख रहा है।

विधु विनोद चोपड़ा ने कन्फर्म करते हुए कहा, मैं वाकई मुन्ना भाई बनाना चाहता हूं। यह फिल्म (शिकारा) काफी थका देनेवाली रही, क्योंकि यह मेरे दिल के बेहद करीब है। अब मैं कुछ फन फिल्में बनाना चाहता हूं। मैं पिछले काफी समय से मुन्ना भाई पर काम करना चाहता हूं। अब फाइनली, हमारे पास ऐसा कुछ है जो मैं करना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, मुन्ना भाई 3 संजय दत्त ते साथ बनेगी और हां उम्मीद है कि इसमें वो सभी मौजूद होंगे। मैं इसपर 10 फरवरी से काम शुरू करने जा रहा हूं। हमारे पास अच्छा आइडिया है, लेकिन पहले हमें उसपर काम करना होगा। मैं नहीं बता सकता कि इसे बनाने में मुझे कितना समय लगेगा, लेकिन मैं इसे बनाना चाहता हूं। जब भी मैं कही जाता हूं लोग इसी बारे में पूछते हैं।

# शाम की चाय के साथ लें चटपटी 'खांडवी' के चटकारे,



### सामग्री :-

बेसन- 1 कप, ताजा दही- 1 कप, नींबू का रस- 2-3 बूंद, अदरक-हरी मिर्च पेस्ट- 2 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, हींग- एक चुटकी, नमक-स्वादानुसार, तेल- स्वादानुसार, राई-1 टीस्पून, करी पत्ता- 5-6, हरी मिर्च- 1/2 टीस्पून (बारीक कटी), फ्रेश नारियल- 2 टेबलस्पून (कद्दूकस किया), हरी धनिया- 2 टेबलस्पून (बारीक कटा)

### विधि :-

खांडवी बनाने के लिए एक थाली के पीछे की तरफ थोड़ा तेल लगाकर ग्रीस कर लें और एक तरफ रख दें।मिक्सिंग बाउल में दही और डेढ़ कप पानी को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और एक तरफ रख दें।नॉन स्टिक पैन में बेसन, दही का मिक्सचर, नींबू का रस, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट, हल्दी, हींग और नमक डालकर अच्छे से फेंट लें जिससे कोई गड्ढे न रह जाए। इसके बाद धीमी आंच पर लगातार हिलाते हुए गाढ़ा होने तक पका लें। फिर ग्रीस की हुई थाली पर मिक्सचर को फैला दें।

ध्यान रखें कि मिक्सचर को काफी पतला फैलाएं। कुछ सेकेंड बाद जब वह ठंडा हो जाए तब उन्हें रोलकर लें। फिर रोल को 6 बराबर टुकड़ों में काट लें और उन्हें सर्विंग प्लेट में रख दें। तड़के के लिए नॉन-स्टिक तड़का पैन में 3 टीस्पून तेल गरम करें, जब तेल गरम हो जाए तब उसमें राई, हींग, करी पत्ता और हरी मिर्च डालकर मीडियम आंच पर कुछ सेकेंड तक भून लें। इसके बाद तड़के को खांडवी के ऊपर डाल दें और फिर नारियल और हरा धनिए से गार्निश कर सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 27

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 26 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# सू-दोकू- 27

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.26 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |